आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 27.01.2020

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली मे धूम–धाम से 71 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 26.01.2020 को 71 वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम आरेडिका के क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किया गया। महाप्रबंधक श्री वी.एम. श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण किया गया। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा परेड का प्रदर्शन किया गया जिसमें ऊ.प्र. पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड और उत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स जिला आरेडिका/रायबरेली के प्लाटून के साथ केन्द्रीय विद्यालय के बच्चे भी शामिल हुए।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने अपने अभिभाषण में कहा कि आरेडिका के लिए वर्ष 2019–20 उपलब्धियों से भरा रहा है। आरेडिका को इस वर्ष सर्वोत्तम उत्पादन इकाई का शील्ड, गोल्डेन पीकॉक बेस्ट इनोवेसन मैनेजमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। आरेडिका लगातार अपने विकास की श्रृंखला को बढ़ाते हुए वर्ष दर वर्ष कामयाबी के नित्य नये आयाम स्थापित कर रहा है। आरेडिका ने वर्तमान वित्तिय वर्ष 2019–20 में 31 दिसंबर 2019 तक 1402 कोचों का उत्पादन कर लिया है जो विगत वर्ष के इसी अवधी में आरेडिका द्वारा बनाये गये कोचों की तुलना में 42 प्रतिशत अधिक है। आरेडिका को चालू वित्तिय वर्ष मे 2158 कोचों के उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है जो विगत वर्ष के 1425 कोचों से लगभग डेढ़ गुणा है साथ ही उन्होने कहा कि कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्य एवं टीम वर्क से आरेडिका यह लक्ष्य अवश्य हासिल करेगा।

इस अवसर पर आरेडिका सांस्कृतिक संगठन द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें देशभक्ति गीत, समुह गान एवं नृत्य प्रस्तुत किए गये। ताइकवांडो के बच्चों ने अपने हुनर और प्रतिभा से दर्शकों के बीच प्रस्तुत किया।

इसके साथ–साथ आरेडिका के आवासीय परिसर स्थित ज्ञानदा बाल मंदिर में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव के द्वारा ध्वजारोहण किया गया जहाँ विद्यालय के बच्चों के द्वारा पीटी और समूह गान प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ श्री आलोक कुमार, पीसीएमएम श्री श्रीकांत राय, पीसीपीओ श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, पीसीई श्री आर. बी. यादव, सीपीआरओ श्री अमित कुमार सिंह सहित मुख्य विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, पर्यवेक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

अमित 27.01.2020

(अमित कुमार सिंह)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी